# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )

**बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016**


**विषयः शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शैक्षणिक कैलेण्डर तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शैक्षणिक कलैण्डर तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 04.03.2025 को अपराह्न 03:00 बजे शैक्षणिक सदन के कक्ष सं.-03 में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी, पीठ प्रमुख-वेदवेदांग एवं कुलानुशासक | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. शिवशंकर मिश्र, पीठ प्रमुख-छात्रकल्याण | सदस्य |
| 3. | प्रो. रचना वर्मा मोहन, पीठ प्रमुख (शिक्षाशास्त्र) | सदस्य |
| 4. | डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 5. | श्रीमती ललिता, अनुभाग अधिकारी (शैक्षणिक) | संयोजक |

बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्डों,समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं गतवर्ष के शैक्षणिक कैलेण्डर का अवलोकन किया गया। विचार-विमर्श के उपरान्त शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर तैयार करने के सम्बन्ध में सर्वसम्मति से निम्नलिखित संस्तुतियाँ पारित की गई।

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी मापदण्डों को संज्ञान में लेते हुए समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर तैयार किया गया। (संलग्नक)। शैक्षणिक सत्र 25-26 का शुभारम्भ दिनांक 07.07.2025 से किया जायेगा। तथा समस्त शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं अन्य विभागीय गतिविधियों का आयोजन शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार ही सम्पन्न किया जायेगा।

2. शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य, शास्त्री, बी.ए. योग, आचार्य,एम.ए.योग, एम.ए. हिन्दू अध्ययन,एम.ए. हिन्दी, एम.ए समाजशास्त्र, एम.ए अग्रेजी, प्रथम वर्ष, में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा निर्धारित समयानुसार की जायेगी।

3. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा यह अनुशंसा भी की गई कि सम्बन्धित विभाग द्वारा छात्रों के पाठ्यक्रम को पूर्ण करवाने हेतु आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन भी किया जा सकता है।

4. शिक्षाशास्त्र पीठ के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की कक्षाओं का अध्ययन–अध्यापन एन.सी.टी.ई. द्वारा निर्धारित शैक्षणिक दिवसों के अनुसार ही सम्पन्न किया जायेगा। तथा अन्य विभागीय गतिविधियॉं विभाग द्वारा निर्धारित समयचक्रानुसार सम्पन्न की जायेंगी।

5. माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति के उपरान्त शैक्षणिक कैलेण्डर 2025–26 की प्रति समस्त पीठ प्रमुखों/विभागाध्यक्षों एवं सम्बन्धित विभागों को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाये। सम्बन्धित विभाग द्वारा अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित गतिविधियों को संचालन निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार ही सम्पन्न की जायेंगी। किसी विशेष परिस्थिति में यदि शैक्षणिक कैलेण्डर में किसी प्रकार का संशोधन आपेक्षित होगा, तो शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन संशोधित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार होगा।

**संलग्न :– शैक्षणिक कैलेण्डर 2025-26**

देवी प्रसाद त्रिपाठी शिवशंकर मिश्र रचना वर्मा मोहन

प्रदीप कुमार अग्रवाल ललिता